## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.03.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय की ओर से छात्रों के लिए हैम रेडियो पर वैज्ञानिक अभियान का आयोजन किया गया।
- श्री विजयपुरम स्थित राज्य शिक्षा संस्थान की ओर से फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी को मजबूत करने के लिए अंकुरण कार्यशाला का आयोजन ।
- श्री विजयपुरम के मत्स्य विभाग द्वारा 'मछली पकड़ने वाली नाव के इंजन के रखरखाव एवं मछली पकड़ने की पद्धतियों' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन।
- मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस की ओर से एस डी पी ओ कप का आयोजन।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय ने श्री विजयपुरम और आस–पास के क्षेत्रों के छात्रों के लिए वैज्ञानिक अभियान का आयोजन किया। इसमें शौकिया रेडियो हैम रेडियो की आकर्षक दुनिया की एक अनूठी झलक पेश की गई। सरकारी स्कूलों के छठी से नौवीं कक्षा के छात्रों के लिए कुरमाडेरा के मौवा डेरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पैंतीस छात्रों ने भाग लिया, जिन्हें बेल्जियम के डीएक्स एडवेंचर के विदेशी विशेषज्ञों से बातचीत करने का अवसर मिला। शौकिया रेडियो, जिसे हैम रेडियो के रूप में जाना जाता है, एक वैश्विक संचार प्रणाली है जो लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटरों को गैर–वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए रेडियो सिग्नल प्रसारित करने और प्राप्त करने की अनुमति देता है। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों को रेडियो तरंग प्रसार, संचार तकनीकों और आपातकालीन संचार अनुप्रयोगों के मूल सिद्धांतों से परिचित कराकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्रों में उनकी जिज्ञासा को बढ़ावा देना था। अनुभवी हैम ऑपरेटरों ने जापान और ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ लाइव रेडियो संपर्क का प्रदर्शन किया, जिससे छात्रों को वास्तविक समय के वैश्विक संचार का प्रत्यक्ष अनुभव मिला। विशेषज्ञों ने आपदा प्रतिक्रिया, वैज्ञानिक प्रयोगों और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को बढ़ावा देने में हैम रेडियो की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश

डाला। इस कार्यक्रम से छात्रों ने रेडियो तकनीक और इसके व्यापक अनुप्रयोगों की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की।

<><><><><><><>

फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी के तहत अंकुरण चरण–दो कार्यशाला श्री विजयपुरम स्थित राज्य शिक्षा संस्थान के सम्मेलन कक्ष में शुरू हुई। इस दो दिवसीय कार्यशाला का उद्देश्य मेंटरशिप को बढ़ाकर और हस्तक्षेप रणनीतियों को परिष्कृत करके फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी को मजबूत करना है। मिशन अंकुरण राज्य शिक्षा संस्थान की एक पहल है, जिसका उद्देश्य कक्षा एक से कक्षा आठ तक के छात्रों में फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी कौशल को मजबूत करना है। राज्य शिक्षा संस्थान की प्रधानाचार्य ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा अंतराल को कम करने के लिए समर्पित प्रयासों, निरंतर व्यावसायिक विकास और अभिनव शिक्षण दृष्टिकोणों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे को उपेक्षित नहीं छोड़ा जाना चाहिए। यह पहल सभी बच्चों में समझ और बुनियादी संख्यात्मकता के साथ पढ़ने में आवश्यक कौशल विकसित करने को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को महत्व देती है। यह पहल केंद्रशासित प्रदेश में समान और प्रभावी आधारभूत शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

<><><><><><><>

डिगलीपुर के कृषि विभाग ने डिगलीपुर क्षेत्र का दौरा कर किसानों के लिए रोग निरोधी और अपनाए जाने वाले संभावित नियंत्रण उपायों जैसे नीम कीटनाशकों का छिड़काव और प्रति हेक्टेयर पन्द्रह पीले चिपचिपे जाल लगाने के बारे में जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने किसानों को कीटों से अपने खेत की निरंतर निगरानी करने की सलाह दी। हालांकि बहुत छोटे स्तर पर, खुदीरामपुर और कालीघाट गांव में कुछ इलाकों में रूगोज स्पाइरलिंग व्हाइटफ्लाई का संक्रमण देखा गया है। कृषि विभाग ने नारियल के ताड़, सुपारी और केले की फसलों को प्रभावित करने वाले कीट आर एस डब्लू के प्रसार को रोकने के लिए नियंत्रण उपाय शुरू किए हैं। एकीकृत कीट प्रबंधन रणनीति के तहत कालीघाट गांव के खेतों में कृषि सहायक निदेशक अनुसूदन मिस्त्री, के नेतृत्व में नारियल और सुपारी पर कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया गया। कृषि विभाग जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को सहायता प्रदान करने, प्रभावी कीट प्रबंधन सुनिश्चित करने, फसल नुकसान को कम करने और कृषि उत्पादकता और स्थिरता को बढ़ाने के लिए तत्पर है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के मत्स्य विभाग तथा केंद्रीय मत्स्य नौवहन एवं चेन्नई के अभियांत्रिकी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'मछली पकड़ने वाली नाव के इंजन के रखरखाव एवं मछली पकड़ने की पद्धतियों' पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन मैरीन हिल स्थित मत्स्य प्रशिक्षण केंद्र, में मत्स्य सचिव ज्योति कुमारी ने किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्थानीय मछुआरों को नाव के इंजन से जुड़ी छोटी–मोटी समस्याओं को हल करने, उनकी परिचालन दक्षता एवं सुरक्षा को बढ़ाने तथा समुदाय के कल्याण में योगदान देने वाली स्थायी मछली पकड़ने की पद्धतियों को बढ़ावा देने के कौशल से लैस करना है। अपने संबोधन में मत्स्य सचिव ने प्रतिभागियों को समुद्री संसाधनों के स्थायी उपयोग के लिए मछली पकड़ने के क्षेत्र में तकनीकों के आधुनिकीकरण की आवश्यकता के बारे में बताया। उन्होंने सुरक्षा एवं आर्थिक स्थिरता दोनों को सुनिश्चित करने के लिए मछली पकड़ने के उपकरण एवं शिल्प क्षेत्र में उचित प्रशिक्षण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने मत्स्य विभाग द्वारा जंगलीघाट के एफ एल सी में एक नाव मरम्मत यार्ड स्थापित करने के प्रस्ताव की भी जानकारी दी। सचिव ने मछुआरों की बेहतर सुरक्षा और निगरानी के लिए द्वीपसमूह की मछली पकड़ने वाली नौकाओं में दोतरफा संचार प्रणाली ट्रांसपोंडर लगाने की योजना के बारे में भी जानकारी दी। मत्स्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. के. गोपाल ने नाव के इंजनों की तुरंत मरम्मत करने के लिए विशेषज्ञ कर्मियों की कमी के कारण स्थानीय मछुआरों के सामने आने वाली चुनौतियों पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में द्वीपसमूह के कुल पच्चीस मछुआरे भाग ले रहे है।

<><><><><><><>

कला और संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से अतुल स्मृति समिति पुस्तक उत्सव–दो हजार पच्चीस का आयोजन कर रहा है। आज शाम इस उत्सव का उद्‌घाटन आई डी एस ई के कार्यकारी अभियंता विजय नेहरा ने किया। इस अवसर पर बंगाल के प्रसिद्ध लेखक हिमाद्री किशोर दासगुप्ता सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह पुस्तक उत्सव तेईस मार्च तक चलेगी।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस की ओर से एस डी पी ओ कप दो हजार पच्चीस का आयोजन किया जा रहा है। ओपन–फॉर–ऑल विंडबॉल क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत आज बाराटांग स्थित साउथ क्रीक स्कूल ग्राउंड में हुई। टूर्नामेंट का उद्देश्य एकता की भावना और खेल कौशल को बढ़ावा देने के अलावा पुलिस और जनता के बीच समन्वय को मजबूत करना है। उद्‌घाटन समारोह में रंगत के एस डी पी ओ चंदन जी एस ने टूर्नामेंट की शुरुआत की घोषणा की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस तरह के

आयोजन युवाओं की भागीदारी के लिए एक सकारात्मक मंच बनाते हैं, जिससे उन्हें आपसी सम्मान और सौहार्द को बढ़ावा देते हुए अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। पी एस बाराटांग और नया डेरा के बीच के पहले मैच के साथ इस टूर्नामेंट का उद्घाटन हुआ।

**<><><><><><><>**

प्रशासन के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार सभी विभागों में तिमाही मॉक ड्रिल आयोजित करने के तहत आज आपदा प्रबंधन निदेशालय के सहयोग से श्री विजयपुरम के श्रम आयुक्त कार्यालय में बनावटी अभ्यास का आयोजन किया गया। डीब्रीफिंग सत्र के दौरान श्रम आयुक्त ने कर्मचारियों की भागीदारी और संसाधन विभागों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने आश्वासन दिया कि श्रम विभाग आपदाओं को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए अपनी तैयारी और प्रतिक्रिया प्रणालियों को मजबूत करना जारी रखेगा।

**<><><><><><><>**